**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 27.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज नई दिल्ली में मुक्त व्यापार समझौते पर होगा हस्ताक्षर, अगले पांच वर्षों में पांच अरब डॉलर तक व्यापार बढ़ाने पर जोर।**

2. **बोकारो में इंप्लाइज डेटा घोटाला मामले में 16 करोड़ की निकासी और हजारों रिकॉर्ड में छेड़छाड़ का मामला आया सामने, एजी ने की जांच की अनुशंसा।**

3. **रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने नेत्रदान का लिया संकल्प, लोगों से की अंग दान के अभियान में आगे आने की अपील।**

4. **राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना, तापमान में दो से तीन डिग्री तक होगी गिरावट।**

**और**

5. **रांची में आयोजित 9वीं झारखंड स्टेट सब–जूनियर, कैडेट और जूनियर कराटे चैंपियनशिप में विजेता बनी रांची, रामगढ़ दूसरे और खूँटी तीसरे स्थान पर रहे।**

**और अब समाचार विस्तार से**

*******************************

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड आज नई दिल्ली में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आगरा के ताजमहल में न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले के साथ श्री गोयल ने कहा कि वर्षों की उच्च स्तरीय चर्चाओं के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया गया है। दोनों देशों के नेताओं की उपस्थिति में इस पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस समझौते का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

*******************************

बोकारो में सरकारी कर्मचारियों के 'इंप्लाइज मास्टर डेटा' में बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। महालेखाकार ने इसे गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय जांच की सिफारिश की है। जांच में बोकारो एसपी के नाम से खुले खाते से करीब 15 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का खुलासा हुआ है। वहीं दो हजार एक सौ पच्छहतर कर्मचारियों की जन्म तिथि में बदलाव और पांच हजार सैंतीस मामलों में ज्वाइनिंग डेट में हेरफेर और सैकड़ों रिकॉर्ड में दोहरी छेड़छाड़ पाई गई है।

*******************************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में आयोजित नेत्रदान एवं अंगदान शिविर में नेत्रदान का संकल्प लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी कीं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से आयोजित इस शिविर में उन्होंने लोगों से भी नेत्रदान और अंगदान के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने इसे महादान बताते हुए कहा कि नेत्रदान किसी के जीवन में रोशनी ला सकता है और समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन सकता है।

*******************************

सरकार ने कहा है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है और कल 51 लाख आठ हजार से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का वितरण किया गया। एक रिपोर्ट

**************************

पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के दलमा वन्यजीव अभयारण्य से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में आज पारंपरिक 'शिकार परब' के दौरान वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने व्यापक जागरूकता अभियान शुरू किया है। डीएफओ सबा आलम अंसारी के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में स्थानीय लोगों को उनकी परंपराओं के साथ–साथ प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

**************************

गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बजटो गांव में स्ट्रीट फूड खाने से फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। इस घटना में 20 से अधिक लोग बीमार हो गए, जबकि एक 6 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। सभी मरीजों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर डीसी राम निवास यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। डीसी ने लोगों से गर्मी में बाहर के खाने–पीने से परहेज करने की अपील की

**************************

जामताड़ा के गांधी मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 51 कन्याओं का विवाह रीति–रिवाज से संपन्न कराया गया। समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर फिल्म अभिनेता चंकी पांडे ने मंच पर पहुंचकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।

**************************

चतरा जिले के सिमरिया क्षेत्र में दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

**************************

सिमडेगा थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि सोनारटोली खेल मैदान के पास छापामारी कर पुलिस ने एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया।

**************************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में आज तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की सीावना जताई है। वहीं आज दो से चार डिग्री तक तापमान में गिरावट का अनुमान जताया गया है। विभाग के अनुसार दो मई तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। विभाग ने मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

**************************

रांची में आयोजित 9वीं झारखंड स्टेट सब–जूनियर, कैडेट एवं जूनियर कराटे चौंपियनशिप– 2026 का दो दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि किरण पासी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और कराटे को आत्मरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतियोगिता में रांची ने 33 गोल्ड, 36 सिल्वर और 66 ब्रॉन्ज सहित कुल 135 पदकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रामगढ़ दूसरे और खूँटी तीसरे स्थान पर रहे।

******************************

नेशनल जूनियर फेडरेशन कप अंडर–20 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हजारीबाग के अफरोज अहमद ने ऊंचीकूद में रजत पदक जीता। तुमकुर में आयोजित इस स्पर्धा में अफरोज अहमद की उपलब्धि पर राज्य के खेल मंत्री सहित कई पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी।

******************************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने जेट परीक्षा के दो पेपर को रद्द करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है जेट में चूक,,,बोकारों में 32 प्रश्नपत्र कम पड़े परीक्षा रद्द

**प्रभात खबर** ने जलसंकट पर विशेष रिपोर्ट अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है अफसर नहीं कर सकेंगे कोई बहाना, योजनाओ पर सीएम रखेंगे सीधी नजर

**हिन्दुस्तान और अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स तथा टाइम्स ऑफ इंडिया ने** ट्रंप के कार्यक्रम में हुई गोलीबारी की खबर को लीड बनाई है।

*************समाप्त******************